हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 16 नवंबर 2025



तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

बच्चे देश के भविष्य इसलिए उनकी देखभाल जरुरी : शर्मा
2



## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल जयंती समारोह आज, शामिल होंगे दिग्गज

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा 16 नवंबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से होगा। समारोह में प्रदेश के कई दिग्गज नेता शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व विधायक नारायण चंदेल सहित कुर्मी समाज के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में कुर्मी समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

### स्कूल में चोरी, 4 नाबालिग समेत 2 खरीददार गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** थाना चांपा क्षेत्र के ग्राम सिवनी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई चोरी की घटना का थाना चांपा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी में संलिप्त चार नाबालिग को पकड़ा है, जबकि चोरी का सामान खरीदने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के बयान के आधार पर चोरी गया कुछ सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने सिवनी निवासी लोमस देवांगन पिता ओंकार प्रसाद उम्र 42 वर्ष एवं गुलशन केवट पिता भार्गूलाल केवट उम्र 23 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। वहीं चारों अपचारी बालकों को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### अकलतरा क्षेत्र के तिलई उपार्जन केन्द्र से हुई बोहनी

# आधी अधूरी तैयारी के बीच खुले धान खरीदी केंद्र कहीं ऑपरेटर तो कहीं बारदाने का होता रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के बीच समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 15 नवंबर को जिले के उपार्जन केंद्र खुल गए। हालांकि आधी अधूरी तैयारी के बीच सरकारी अमला केंद्र खोलकर बैठा रहा, और जरूरी व्यवस्था करने में जुटा रहा। कहीं बारदाना तो कहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर का इंतजार होता रहा। तिलई उपार्जन केंद्र से पहले दिन ही धान खरीदी की बोहनी भी हो गई।

सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते इस बार तय तिथि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने को लेकर संशय की स्थिति बनी रही। समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन ने केंद्रों में व्यवस्था बनाते हुए क्रृषि विभाग के साथ ही पंचायत विभाग और अन्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई। सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष के साथ मिलकर इन कर्मचारियों को धान खरीदी के निर्देश दिए गए। शनिवार 15 नवंबर को सभी कर्मचारी अपने नियत उपार्जन केंद्रों में पहुंच गए। जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 23 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। इन केंद्रों में दो दिन पहले तक कोई तैयारी नहीं हो सकी थी। ऐसे में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्षों के सहयोग से केंद्र प्रभारी के रूप में ड्यूटी लगने वाले अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे रहे। इधर कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए ठेका कंपनी ने व्यवस्था की है। कई केंद्रों में पहले दिन कम्प्यूटर ऑपरेटर का भी इंतजार होता रहा। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे धान खरीदी केंद्र पेण्ड्री में दोपहर तक ऑपरेटर नहीं पहुंचा था। अधिकांश केंद्रों में दोपहर बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर पहुंचे। वहीं कुछ केंद्र में बारदाना का भी इंतजार होता रहा। जांजगीर से लगे खोखरा उपार्जन केंद्र में शाम करीब 4 बजे बारदाना पहुंचा। कुछ इसी तरह के हालात अन्य केंद्रों में भी बने रहे। इधर पहले दिन ही अकलतरा क्षेत्र के तिलाई उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की बोहनी हो गई। यहां एक किसान ने 16 क्विंटल धान बेचा। इसके आलावा किसी भी केंद्र में धान खरीदी की बोहनी नहीं हुई। इधर उपार्जन केंद्रों में व्यवस्था का जायजा लेने एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान बारदाने की उपलब्धता, टोकन वितरण, तौल व्यवस्था और किसानों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



खोखरा धान खरीदी केन्द्र में फड़ पर तैयारी करते मजदूर।

### कलेक्टर ने किसान को माला पहनाकर शुरू कराई धान खरीदी

**सक्ती।** सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र अंतर्गत देवरघटा उपार्जन केन्द्र से खरीदी के साथ ही पहले दिन धान खरीदी की बोहनी कर ली गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने देवरघटा धान उपार्जन केन्द्र पहुँचकर धान खरीदी के कार्यों का निरिक्षण किया। वहीं केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसान गेंद राम साहू को फूल माला पहना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। देवरघटा निवासी किसान गेंदराम साहू ने 48 क्विंटल धान बेचा। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में लाये गए धान में नमी की मात्रा का अपनी उपस्थिति में जांच कराई। साथ ही धान खरीदी से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को धान बेचने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। कलेक्टर ने शासन से प्राप्त निर्देशानुसार धान खरीदी कार्य व्यवस्थित रूप से कराए जाने के निर्देश दिए।




### दुरूस्त कर रहे इंतजाम

व्यवस्थित धान खरीदी के लिए सभी इंतजाम दुरूस्त किए जा रहे है। खरीदी के लिए कर्मचारी केन्द्रों में तैनात हो चुके है। पहले दिन ही जिले में तिलई उपार्जन केन्द्र से धान खरीदी की बोहनी भी कर ली गई है।

-अमित साहू,
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# देवरी में हादसे रोकने बनेंगे नदी मित्र, बंद होगा ब्रिज

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्लान



देवरी पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में हादसे रोकने पुलिस और प्रशासन ने प्लान तैयार किया है। जानलेवा नदी में जाने से पर्यटकों को सचेत करने नदी मित्र बनाए जाएंगे। वहीं पुराने ब्रिज को भी बंद किया जाएगा। कलेक्टर और एसपी ने इस स्पॉट का निरीक्षण कर प्लान तैयार किया है। पंतोरा क्षेत्र के देवरी पिकनिक स्पॉट है जहां बड़ी तादात में जिले समेत कोरबा और बिलासपुर से लोग पिकनिक मनाने पहुंचते है। यहां चट्टानों के बीच से हसदेव नदी गुजरती है। नदी के बहाव में लोगों के बहने के मामले अक्सर आते है। हाल ही में बिलासपुर के दो युवक और एक युवती की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। पिकनिक स्पॉट देवरी में हो रहे हादसों को रोकने की मंशा से कलेक्टर जन्मेजय महोबे और एसपी विजय पांडेय ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद इस स्थान पर पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर योजना तैयार की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा नदी मित्र बनाए जाएंगे। गांव के ही युवाओं को इसके लिए तैयार किया जा रहा है। नदी मित्रों द्वारा यहां पहुंचने वालों को नदी के खतरनाक स्थानों की ओर जाने से सतर्क किया जाएगा। इसके अलावा प्रशासन द्वारा पुराने ब्रिज को आवागमन के लिए बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्लानिंग की गई है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रशासन द्वारा ब्रिज को बंद किया जाएगा। वन व राजस्व विभाग यह कार्य करेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा पर्यटकों को सचेत करने के लिए नदी मित्र तैयार किए जा रहे है।






## खबर संक्षेप

### बच्चे देश का भविष्य, शिक्षित करना हमारा कर्तव्यः कश्यप



**राहौद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर एवं बाल दिवस के शुभ उपलक्ष्य में, नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के समस्त शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और चाचा नेहरू के बच्चों के प्रति स्नेह के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर स्कूल परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्षा प्रतिभा कश्यप ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके अधिकारों, शिक्षा और कल्याण सुनिश्चित करें। उन्होंने पंडित नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके लगाव के बारे में बात की और सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।इस पहल के तहत नगर पंचायत राहौद के सभी शासकीय स्कूलों के सैकड़ों बच्चों को पेन और मिठाई का वितरण किया गया, जिससे यह दिन उनके लिए और भी यादगार बन गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल सभापति, अमित अनंत, राजेश यादव पार्षद प्रतिनिधि विमल मनहर, स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे।

### प्राथमिक शाला मोहतरा में मनाया गया एफएलएन मेला



**केरा-मोहतरा।** बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को एफ एल एन मेला का आयोजन मुद्रा के प्राथमिक शाला में किया गया। एफ एल एन मेला के प्रभारी चंद्रशेखर देवांगन ने बताया कि करके देखबो सिख के रहिबो थीम पर आधारित इस मेला में कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को भाषा और गणित की बुनियादी अवधारणा में समझ बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के स्टॉल बच्चों के द्वारा लगाया गया, जिससे बच्चों को एक साथ एक जगह पर सीखने का अनुकूल वातावरण मिल सके। इस मेल में 12 स्टाल लगाए गए थे जिसमें गणित के चार हिंदी के चार अंग्रेजी के दो बाल बड़े की दो स्टाल लगाए गए थे, जिसके प्रभारी भी बच्चे ही थे। संचालन भी वही कर रहे थे और आकलन भी साथ-साथ हो रहा था। इस मेले में जन समुदाय कभी बहुत बड़ा योगदान मिला। उन्होंने भी इस मेले में आकर सीखने की अवधारणा का अवलोकन किया। आयोजन को सफल बनाने में प्रधान पाठक सम्मेलन जावेद शिक्षक चंद्रशेखर देवांगन रामकृष्ण देवांगन दरसमती पटेल गोपाल पटेल मनीष पटेल कृष्ण यादव भागीरथी पटेल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति ईश्वर पटेल का विशेष योगदान रहा।

### आनंद मेला में विभिन्न व्यंजन के लगाए 30 से अधिक स्टॉल



**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद में 14 नवंबर को आनंद मेला लगाया गया। जिसमें आईटी तथा हेल्थ केयर विषय के छात्र-छात्राओं सहित अन्य बच्चों ने अपने हाथों से पकोड़ा, ब्रेड पकोड़ा, भेल, चना , गुपचुप, मैगी, मोमोस इत्यादि बनाया। इस मेले में 30 से भी अधिक विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए थे जिसमें बच्चों ने अपने हाथों से बनाये विभिन्न व्यंजनों को शिक्षकों,नागरिकों तथा दूसरे बच्चों को अपने हाथों से परोसा। आईटी, हेल्थ केयर तथा विज्ञान विषय के मॉडल की प्रदर्शनी की गई। आनंद मेला में मनोरंजन हेतु उछलने वाला झूला तथा रिंगफेंक लगा था। झूले में छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों ने झूल कर खूब आनंद लिया। आनंद मेला का उद्घाटन प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी, राजकुमार प्रजापति,हेमलाल चंद्रा, हरनारायण चंद्रा,योगेश कुमार साहू सर ने फीता काटकर किया। आनंद मेला में माडल प्रदर्शनी आईटी प्रशिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे, हेल्थ केयर प्रशिक्षक शालिनी सोनवानी, विज्ञान हेतु व्याख्याता गीताराम खूंटे तथा दीपक कुमार पटेल सर के गाइडेंस में हुआ। पूरे मेले की रूपरेखा तैयार करने हेतु व्यायाम शिक्षिका मीना महेश, सोमेश्वरी कैवर्त्य,वाणिज्य के व्याख्याता श्याम मनोहर द्विवेदी, तथा दिनेश कुमार सूर्यवंशी सर ने तैयार किया । मेले की निगरानी हेम्मर सिंह कंवर, डॉ जितेंद्र कुमार पटेल ने किया। मेले का आनंद स्कूल के 1000 बच्चों ने तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं अन्य नागरिकों ने खूब लिया।

## बाल दिवस के अवसर पर स्कूल में हुए विविध आयोजन

# बच्चे देश के भविष्य इसलिए उनकी देखभाल जरूरी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में शुक्रवार 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस के रूप में मनाया गया। यह आयोजन मार्स शिक्षण समिति के सचिव दीपक राठौर के सानिध्य में हुआ। बच्चों को प्यार एवं दुलार देने, उनके हित एवं कल्याण को ध्यान में रखकर उनके मनपसंद खेल तथा स्वस्थ मनोरंजन करके इस शुभ दिन को यादगार बनाने प्रयास किया गया।

प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य ,सुरक्षा पोषण के प्रति सजगता, पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत का सम्मान करने और बच्चों की भलाई और अधिकारों की वकालत करने का दिन है। नेहरू जी का मानना था कि बच्चे देश के भविष्य हैं इसलिए जब तक वह अपने पैरों पर खड़े ना हों जाएं तब तक उन्हें प्यार और उनकी देखभाल बहुत जरूरी है। वे युवाओं के शैक्षिक अधिकारों और कल्याण के प्रबल समर्थक थे। वैश्विक धरातल पर उनके द्वारा प्रतिपादित पंचशील का सिद्धांत मजबूत विदेश नीति की बुनियाद है। आधुनिक भारत का निर्माण उनकी सोच को दर्शाता है, देश सदैव उनके ऋणी रहेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप मनाकर विद्यार्थियों के दिल में महापुरुषों के प्रति प्रेम जगाने हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता, समन्वयक राजेश ओबराय ने बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए। इस समारोह में शिक्षक सुंदर पाल चौहान, आदित्य साहनी,ई. सुधाकर राव, अखिलेश वर्मा, नंद कुमार महेश्वरी, डॉ जागेन्द्र कुमार कुलमित्र,जे. कविता, अमन सिंह, ऋषि बत्रा, आशीष गिरि, मोह.रियाजुद्दीन, मुस्कान गुप्ता, संध्या मिश्रा,गौतम स्वैन, प्रवाकर घोष, प्रहलाद साहू, बिरंची टंगारंगा, सीमा ठाकुर, भाग्यश्री मिश्र, रूपशा मंडल, श्रुति सिंह, आयूषी तिवारी, गीता बरेठ, सीमरन कौर,नेहा गढ़ेवाल,आंचल पांडेय, प्रीति चंद्रा, खुशबू गुप्ता, आरती गढेवाल,शिवि दुबे,सदफ नाज, छाया यादव, स्नेहलता राठौर,बी. एल. कर्ष, नेहा अग्रवाल, मुस्कान शर्मा, प्रतिभा यादव,महेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र दुबे,प्रींसि उपाध्याय ,प्रीति सिंह,प्राची सिंह तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थे ।



स्कूल स्टाफ के साथ उपस्थित बच्चे।

## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में वोकेशनल कोर्स प्रदर्शनी का आयोजन



**सक्ती।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल, स्टेशन रोड सक्ती में शुक्रवार 14 नवंबर को विद्यार्थियों द्वारा बड़े ही उत्साहपूर्ण और आकर्षक माहौल में बाल आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही आईटी एवं ऑटोमोबाइल ट्रेड के छात्रों द्वारा वोकेशनल कोर्स प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी हरीश यादव, विद्वान पंडित पंकज उमरलिया, मांगेराम अग्रवाल, विकास पटेल, अभिषेक शर्मा, राहुल अग्रवाल, रामनरेश यादव साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय रामचंद्र (सांसद प्रतिनिधि) एवं राकेश अग्रवाल उपस्थित रहे। वोकेशनल कोर्स प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्रआईटी एवं ऑटोमोबाइल ट्रेड के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मॉडलों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी वोकेशनल ट्रेनर युधिष्ठवीर राठौर एवं चंद्रकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। छात्रों ने तकनीकी मॉडल्स के माध्यम से अपनी सृजनशीलता और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों ने व्यापक सराहना की।

**आनंद मेला में बच्चों का हुनर झलका-** बच्चों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजन, हस्तनिर्मित वस्तुएँ और विभिन्न स्टालों ने सबका मन मोह लिया। सरकारी स्कूल में प्राइवेट स्कूल जैसी सजावट और गतिविधियाँ देखकर अतिथियों ने खुशी व्यक्त की और बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की। आयोजन को सफल बनाने में राजीव गुप्ता, पूजा सिंह, युधिष्ठवीर राठौर, चंद्रकांत चंद्रा, हेमंत चौबे, अजय साहा, प्रवीण सिंह, सूरज सिंहइन सभी ने मिलकर बच्चों को मॉडल प्रस्तुति, स्टाल संचालन, व्यंजन तैयार करने और पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं में मार्गदर्शन दिया।

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल 16 नवम्बर रविवार को दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में सर्व कुर्मी समाज द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में आयोजित भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री चंदेल सोमवार 17 नवम्बर को सक्ती जाएंगे सक्ती में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। 18 नवम्बर मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे नवागढ़ में भाजपा नवागढ़ मंडल द्वारा आयोजित एस.आई.आर. के बैठक में शामिल होंगे व इस विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे तथा अन्य कार्यक्रमों के विषय पर भी चर्चा करेंगे। तदुपरांत शाम 4 बजे चाम्पा में भाजपा चाम्पा नगर मंडल द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेंगे। श्री चंदेल बुधवार 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में आयोजित भाजपा जांजगीर-नैला नगर मंडल के एस.आई.आर. के बैठक में शामिल होंगे व इस पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## पालक, शिक्षक एवं बच्चों ने आनंद मेला का उठाया लुत्फ

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय में संचालित संत थॉमस हायर सेकेण्डरी स्कूल में पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य पर बाल दिवस एवं आनंद मेला का स्कूल परिसर में आयोजन हर्षोउल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती पूर्णिमा चन्द्रप्रकाश खुंटे, जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र विजय बहादूर सिंह (राजा साहब), जनपद पंचायत सदस्य मालखरौदा ने किय। बाल दिवस पर स्कूल परिसर मेंआनंद मेला कभी आयोजन किया गया था जहां बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे गुपचुप, चार्ट, मनचुरियन, भेल, चौमिन, आइसक्रीम, बटाटा, कुल्चा आदि के स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित पालकगण, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने आनंद मेला का भरपूर लुफ्त उठाया। जितेन्द्र विजय बहादूर सिंह द्वारा अनुशासन एवं कड़ी संघर्ष का उदाहरण देते हुए बच्चों को संबोधित किया। श्रीमती पूर्णिमा चन्द्रप्रकाश खुंटे ने माता-पिता और बच्चों के बीच मधुर संबंध एवं वर्तमान परिवेश में बच्चों के मानसिकता को समझना एवं सही गलत का परख कराते हुए सच्चाई के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। संस्था के संचालक विजय लॉरेंस द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष ध्यान आकर्षित कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विजय साहू उपस्थित थे जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन में कु. रामेश्वरी सिदार एवं आभार साहेबदास मानिकपुरी सर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे शालेय परिवार का विशेष योगदान रहा।






## 24 संकुल केन्द्र अंतर्गत 118 प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेले का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

विकास खण्ड के सभी 24 संकुल केन्द्र के अंतर्गत 118 प्राथमिक विद्यालयों में एफ एल एन मेला का आयोजन किया गया। इस मेले के आयोजन के लिए दिनों से तैयारी की जा रही थी।

मेले में दर्ज संख्या के अनुपात में स्टॉल लगाए गए थे निर्देश के अनुसार मेले में बच्चों ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया। सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा अपने अधीनस्थ प्राथमिक विद्यालयों में निरीक्षण किया गया साथ ही साथ बीईओ देवकांत द्विवेदी ,बीआरसी शैलेंद्र सिंह एवं एबीईओ स्वाति राठौर एवं रत्नमाला सिंह के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर मेले का निरीक्षण किया गया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मेले में शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों में उत्साह देखने को मिला क्योंकि पूरा मिला ही बाल केंद्रित रहा है जिसमें बालवाड़ी गणित, विज्ञान,अंग्रेजी के विषय पर आधारित टी एल एम बच्चों के द्वारा बनाया गया था जिसकी प्रदर्शनी स्थल के रूप में शाला प्रांगण में किया गया। सभी विद्यालयों में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया गया था उनके द्वारा स्टॉल का अवलोकन किया गया अवलोकन पश्चात उनके द्वारा बच्चों के द्वारा बनाए गए। शिक्षण सामग्री की प्रशंसा की गई इस तरह से विकास खण्ड के सभी 118 प्राथमिक विद्यालयों में यह मेला का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी विद्यालयों से कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन दिया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में विकास खण्ड प्रभारी चंद्रशेखर देवांगन बीआरजी बबीता कुर्रे,रश्मि दुबे, रूपेश सिंह,अल्किन खान,अमित धीरही, हेमलता यादव,कुलदीप कुंभकार,एवं समस्त शैक्षिक समन्वयकों का योगदान रहा।

## शिक्षा ही मनुष्य को बनाता है एक अच्छा नागरिक

**पामगढ़/कोसला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसला में 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर आनन्द मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपचदं साहू ,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षा मानव जीवन के लिए आवयश्क है। शिक्षा ही मनुष्य को एक अच्छा नागरिक बनाता है। राष्ट्र के निर्माण में हम सब की भूमिका सुनिश्चित होना चाहिए। राजकुमार नारंगे सरपंच कोसला विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें भी पंडित जवाहर लाल नेहरू की शिक्षा को आत्मसात कर जीवन में सतत आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उदल कश्यप युवा नेता द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू की योगदान पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों के द्वारा फीता काटकर आनंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। स्काउड गाईड के छात्र-छात्राओं के द्वारा बैठक व्यवस्था एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेष रावानी एवं बसंत कुमार टण्डन और आभार प्रदर्शन बी.पी.एस. बंजारे प्राचार्य कोसला के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में योगेश कुमार साहू, उपसरपंच कोसला, गौरव तिवारी, अवधेश साहू, श्रीमती सीमा वानी, धनंजय दिनकर, शांतनु श्रीवास, श्रीमती सुमनलता यादव, श्रीमती प्रियंका थवाईत, लक्ष्मण प्रसाद यादव, पी.के.दिव्य, शैलेन्द्र श्रीवास, कुमारी भारती कश्यप, गौरव साहू, नाथूराम लहरे, श्रीमती ज्योति दुबे,अयोध्या पटेल, अभिभावकगण, एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले जयभारत स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

हरिराम गट्टानी मेमोरियल जयभारत इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी बाल दिवस पर चार विद्यालयीन बच्चों के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंचे एवं द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

विद्यालय प्राचार्य गुरमीत कौर धनजल के प्रयास से विद्यालय को राष्ट्रपति से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरा देश भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रुप मेंमनाया। इस दिन का उत्साह बच्चों के अंदर खास तौर पर देखने को मिला। जिला मुख्यालय जांजगीर के जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी समेत चार विद्यार्थी शुभी अग्रवाल कक्षा दसवीं, स्वरा सिंह कक्षा 9 वीं, अयांश थवाईत कक्षा 9 वीं , अभिषेक कक्षा- 7 वीं इस दिन को मनाने के लिए दिल्ली राष्ट्रपति भवन पहुंचे, जहां उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बातचीत के दौरान परिचय पूछने पर छत्तीसगढ़ का नाम सुनते ही राष्ट्रपति ने अत्यंत हर्ष के साथ कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया और बच्चों से छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के नारे भी लगवाए। उन्होंने बच्चों के लिए कहा कि बच्चे पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहेंगे तो निश्चित रूप से अपने मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं। बच्चे देश का भविष्य है ,बच्चों की प्रतिभा को सही दिशा देना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने किताबें पढ़ने की सलाह देकर कहा कि किताबें व्यक्तित्व में बदलाव लाते हैं और सलाह दी कि किताबें व्यक्तित्व में बदलाव लाती है हम अपने बच्चों को सही दिशा दें।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ उपस्थित जयभारत स्कूल के बच्चे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics(GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट स्तन, कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# वैज्ञानिक सोच बच्चों के भविष्य का मजबूत आधार: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का

- प्रदेश के 9 जोन से 549 प्रतिभागी हुए शामिल
- कार्यक्रम में सांसद राठिया सहित विधायक साय एवं भगत हुए शामिल

समापन समारोह आज उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

12 से 15 नवम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान संगोष्ठी तथा विज्ञान क्लब प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 जोन के 549 प्रतिभागी शामिल हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनी भगत भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साय ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में जिज्ञासा, तर्कशीलता तथा समस्या समाधान क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत नवाचारी मॉडल न केवल रचनात्मक सोच का परिचय देते हैं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में उनके प्रयासों को भी दर्शाते हैं। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जीवन के प्रत्येक निर्णय और कदम में आवश्यक बताया और बच्चों को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगता में होंगे शामिल:** कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शिनी एवं विज्ञान मेला कार्यक्रम विकास खण्ड स्तर, जिला स्तर, जोन स्तर एवं राज्य स्तर आयोजित हुई। अंत में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगी। 12 से 15 नवंबर तक 12 विधाओं में प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें 09 जोन से छात्र एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को मिलाकर कुल 549 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें 22 लोगों ने प्रथम स्थान, 20 प्रतिभागियों ने द्वितीय स्थान एवं 13 प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक वर्ष एक प्रमुख विषय का चयन किया जाता है, इस वर्ष 2025-26 में प्रमुख विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत है। इसके उप कथानक अन्य सात विषय हैं। इन सातों विषयों पर राष्ट्रीय विज्ञान के तीन-तीन मॉडल प्रदर्शनी हेतु प्रस्तुत किये जाते हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंज बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में 162, पश्चिम भारत विज्ञान मेला में 81 प्रतिभागी, विज्ञान नाटिका में 72 प्रतिभागी, प्रश्न मंच में 36 प्रतिभागी, और विज्ञान क्लब में 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह के अंत में शिक्षकों, विज्ञान क्लबों, आयोजकों एवं विद्यालय परिवार के प्रयासों को सराहा गया तथा प्रतियोगिता को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना को प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

**भारत तकनीकी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा आगे:** कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों की सराहना की। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा आगामी राष्ट्रीय स्तरीय गतिविधियों हेतु चयनित प्रतिभागियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर सांसद राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाना है। इस उपलब्धियों को हासिल करने के लिए उच्च वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर भी काम करना होगा। देश के भविष्य बच्चों की वैज्ञानिक कला को निखारने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी मेला लगाया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना है। इसमें बच्चे अपनी कुशल एवं वैज्ञानिक हुनर को दिखाएंगे। कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भी बच्चों को संबोधित कर उन्हें लगातार आगे बढ़ने और अपनी तर्क और वैज्ञानिक कला को निखारते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत तकनीकी दृष्टि से लगातार आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल, चंद्रयान, मंगलयान जैसे उच्च प्रौद्योगिकी तकनीक भारत में ही विकसित की जा रही है। यह तकनीक बच्चों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण को निखारने के लिए प्रेरित करेगा।

## राउरकेला में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

**राउरकेला।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का राज्यस्तरीय भव्य समारोह सेक्टर.13 मेलण पड़िया में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले, राउरकेला के बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समीप जिले के विभिन्न आदिवासी संगठन, राजनीतिक दल, राउरकेला इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिला प्रशासन के अधिकारी एकत्र हुए और भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। आदिवासियों के पारंपरिक नृत्य और गीत से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसी क्रम में रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी आज राउरकेला पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद वे पहली बार 27 अगस्त 2024 को राउरकेला आए थे, जब वे केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम की पत्नी के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए लहूणीपाड़ा ब्लॉक के केंदुडिही गांव गए थे। हालांकि उस समय उन्होंने कोई सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया था।

## विकसित भारत की कल्पना को साकार करेगा बिहार का जनादेश: अरुण

**रायगढ़।** बिहार जीत के जश्न पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान में कहा भाजपा के लिए जीत जश्न नहीं बल्कि जीत जनता की सेवा के लिए है। बिहार का यह जनादेश मोदी जी के विकसित भारत की कल्पना को साकार करेगा। बिहार की भूमि ज्ञान का केंद्र है। बिहार की भूमि से बुद्ध के ज्ञान एवं चाणक्य के नीतियों को चर्चा दशकों बाद भी आज पूरे विश्व में आज भी प्रासंगिक है। एनडीए को मिले समर्थन को सुनामी बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा बिहार में चल रहे विकास, नारियों की सुरक्षा व्यवस्था, सुशासन के साथ गरीब कल्याण हेतु एन नीतीश सरकार की दशकों से संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है।



मोदी जी के नेतृत्व में बिहार के विकास हेतु दिल खोलकर कार्य किए गए। नीतीश ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से बाहर करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। यह जनादेश 'विकसित बिहार' की कल्पना को साकार करने के लिए दिया गया है।बिहार के इस जनादेश से यह स्पष्ट हो गया कि जनता काम करने वाले पर भरोसा करती है। भाजपा के गठबंधन के साथ नीतीश ने ठोस इरादों के साथ वादों को पूरा किया है। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व, विज़न और विकास मॉडल पर जनता के अटूट विश्वास की गवाही है। युवाओं ने अपने वोट के जरिए रोजगार के अवसर चुना,वही महिलाओं ने वोट के जरिए सुरक्षा और सशक्तिकरण चुना।

## बिहार चुनाव में भाजपा की जीत पर घरघोड़ा में जश्न

**घरघोड़ा।** बिहार विधान सभा चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर को जारी हुआए उक्त चुनाव में भाजपा गठबंधन की एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया और 202 सीटों पर विजय प्राप्त की इसी कड़ी में बिहार विजय पर मंडल भाजपा घरघोड़ा ने भी विजय का जश्न आतिशबाजी कर व मिठाई बांटकर मनाया। विजय जश्न में भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण धर दीवान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जिला कार्य समिति सदस्य सुनील सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, मंडल महामंत्री हंसराज गुप्ता, गौरीशंकर गुप्ता, रितेश शर्मा, राधे गुप्ता, प्रेम मिश्रा, डोले पटेल, गोलू सिन्हा, अजीत गुप्ता, सोनू सिदार, टिंकू सोनी, भगवान दास, रजनीकांत तिवारी, प्रसन्न महंत, राजू रथ, बीरबल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**पुसौर।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर में बाल दिवस के अवसर पर प्राचार्य, स्टाफ तथा शिक्षा समिति अध्यक्ष व सदस्यों के सहभागिता से स्कूल के छात्रों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खेल कुद, अंताक्षरी, निबंध लेखन सहित कई आकर्षक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव शामिल रहे जिन्होंने स्कूल प्रबंधन एवं छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का बारीकी निरीक्षण कर उनका सराहना किया। ज्ञात हो कि उक्त स्कूल में शाला समिति अध्यक्ष के रूप में भरत षडंगी जब से पदभार ग्रहण किया है तब से लगातार स्कूल में भवन निर्माण सहित छात्रों के जरूरी सामानों की व्यवस्था हो रही है। इसी कड़ी में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम भी है। बाल दिवस के अवसर पर पहले अवकाश रहता था लेकिन अब अवकाश न होकर शासन द्वारा इसे स्कूल में उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया गया। स्कूल बाल दिवस के अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों का एक साथ भोज हुआ।

## अभिनव स्कूल में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम




**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के छात्रों द्वारा 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को चाचा नेहरू के रूप में याद करते हुए उनके सम्मान में कई तरह का आयोजन किया गया। जिसमें खेल कूद, मेहंदी, रंगोली, निबंध, रस्साकसी, कबड्डी, बाली बाल, क्रिकेट, स्लो सायकल रेस, बोरा दौड़ चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, बाल्टी बाल खेल, गोला फेंक, तवा फेंक आदि खेल बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। जिसमें लगभग 450 प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मेडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में बच्चों को बाल भोज कराया गया। उक्त आयोजन दोनों माध्यम के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर सम्पन्न किया।

## एनएच ड्रेन निर्माण में गड़बड़ी, जांच की मांग



**राउरकेला।** बिसरा क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया हैए जहाँ रात के अंधेरे में ड्रेन निर्माण कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगा है। बिसरा जोड़ाबांध स्थित एनएच 320 डी सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत बनाए जा रहे ड्रेन में गंभीर अनियमितता पाई गई है। आश्चर्य की बात यह है कि यह कार्य दिन में नहीं, बल्कि रात में किया जा रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय ग्रामीणों को इस गड़बड़ी की जानकारी मिली। ग्रामीण मौके पर पहुँचे और विरोध किया। विरोध बढ़ते ही मौके पर मौजूद अधिकारी अचानक से गायब हो गए। मौजूद मजदूरों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्हें यह कम रॉड लगाने का निर्देश संबंधित इंजीनियर ने दिया था। वहीं जब ग्रामीणों और पुलिस अधिकारियों ने इंजीनियर से संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल बंद मिला।स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और निर्माण कार्य को रोकते हुए जांच शुरू कर दी।

## स्काई एलॉयज में मेडिकल कैंप का आयोजन




**खरसिया।** स्काई एलॉयज एंड पॉवर लिमिटेड द्वारा ग्राम कनमुर में 15 नवंबर को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कारखाना डिस्पेंसरी से डॉ. टेकलाल पटेल और उनकी टीम के साथ चपले स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. राज किरण पटेल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर प्लांट हेड अर्जुन मलाकर और एचआर हेड दिग्विजय पटेल उपस्थित रहे। इस मेडिकल कैंप में 90 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सलाह दी गई। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। मेडिकल कैंप के मुख्य आकर्षण सामान्य स्वास्थ्य जांच रक्तचाप और शुगर की जांच, आंखों की जांच, परामर्श स्वास्थ्य जागरूकता सत्र के दौरान फ्री दवाइयां वितरण की गई।



## खबर संक्षेप

### विकासखंड स्तरीय बैठक में शिक्षा का स्तर ऊपर उठाने हुई चर्चा



**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालखरौदा के कक्ष में 14 नवंबर को विकासखंड स्तरीय स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा समिति के सभापति रितेश साहू , कवि वर्मा जनपद अध्यक्ष शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा जिस प्रकार से ब्लॉक अमनदूला हायर सेकेंडरी स्कूल को सवारा गया उसी तरह ब्लॉक के सभी हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल, प्राइमरी, मिडिल सभी को संवारने का काम किया जाएगा एवं साथ ही साथ कैसे क्षेत्र के बच्चों के शिक्षा स्तर को ऊपर उठाए जा सकता है। इस पर भी उनके द्वारा सुझाव दिया गया ताकि मालखरौदा ब्लॉक को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी ब्लॉक के रूप में जाना जाए। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एम.एल. प्रधान बीआरसी एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का आगमन आज

**जांजगीर-चाम्पा।** आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन में शिरकत करने भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आशीष टिकरिहा रविवार 16 नवंबर को जांजगीर पहुंचेंगे। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम प्रवास को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत की तैयारी की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन एवं जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री टिकरिहा का स्वागत कर बाइक रैली के माध्यम से कार्यक्रम स्थल भाजपा कार्यालय तक पहुंचाया जाएगा।

### कुड़े कचरे में मिल रहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की फोटो लगे नकली नोट

**नवागढ़।** भारतीय मनोरंजन बैंक आफ इंडिया के नाम पर हूबहू सौ रुपए के नकली नोट पर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का फोटो लगा नकली नोट कूड़े-कचरे में मिल रहा है यह राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का अपमान है इस पर शासन को रोक लगाना चाहिए।




150 वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का हुआ आयोजन

# स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत बिरसा मुंडा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया जिसे वर्चुअल माध्यम से सुना गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा के योगदान को याद किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने आए हुए हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख एवं स्वजातीय समाज के लोगों को मोमेंटो से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि बिरसा मुंडा साहस के प्रतीक और स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरक अग्रदूत थे। उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ तक बिरसा मुंडा आदिवासी गौरव के सशक्त प्रतीक हैं। विधायक श्री कश्यप ने कहा कि शिक्षा, संघर्ष और समाज उत्थान ही बिरसा मुंडा की सीख है, और आज आदिवासी समाज शिक्षा, राजनीति व प्रशासन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी को जनजाति गौरव दिवस की शुभकामनाएं दीं और भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित करना ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा पूरे देश के प्रेरणास्त्रोत हैं एक मेधावी, दूरदर्शी और साहसी युवक, जिन्होंने आदिवासी



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कम उम्र में ही संघर्ष शुरू किया। उन्होंने सदैव न्याय और अधिकारों की लड़ाई लड़ी, इसलिए उन्हें धरती आबा के रूप में सम्मान प्राप्त है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प अत्यंत सराहनीय है। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी सत्यलता मिरी ने मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे आदिवासी समाज और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का दिन है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार जनजातीय समाज के शिक्षा, आजीविका और सांस्कृतिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने शिक्षा, जागरूकता और संघर्ष का जो मार्ग दिखाया है, वही हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज को शिक्षित करना है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक जागरूक, सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण करना है।

जनजाति गौरव दिवस पर समाज प्रमुख बी.एस. सिदार ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक महान आदिवासी नेता ही नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता संघर्ष के अग्रणी क्रांतिकारियों में से थे। भगवान बिरसा बचपन से ही मेधावी और समाज के प्रति संवेदनशील थे। अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित कर एक सशक्त जन-जागरण आंदोलन खड़ा किया। उनका संघर्ष, साहस और स्वाभिमान की भावना आज भी पूरे देश को प्रेरित करती है। कार्यक्रम में अतिथियों ने आए हुए हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख एवं स्वजातीय समाज के लोगों को मोमेंटो से सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, अमर सुल्तानिया, विवेका गोपाल एवं समाज के बी. एस. सिदार, श्रीमती विजय कुंवर मरकाम, बटदेव उरांव, राजेन्द्र कंवर, हरेन्द्र बिंझवार, आई. पी. मरकाम, एम. एम. मराबी, राजकुमार खैरवार, गोवर्धन धनुवार, श्रीमती गंगोत्री कंवर, धरमलाल सिदार, लालबहादुर सिंह, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र पाण्डेय सहित स्वजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वकालत के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिवक्ता दुबे का न्यायाधिपति ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वकालत के क्षेत्र में 50 वर्ष पूर्ण करने पर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 नवंबर को जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उच्च न्यायालय छग बिलासपुर के न्यायाधिपति संजय अग्रवाल मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्तिसिंह राजपूत की अध्यक्षता में संघ के वरिष्ठ सदस्य विजयकुमार दुबे का सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय केशरवानी एवं सचिव योगेश गोपाल एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा अतिथियों को मंचासीन कर उनका

- जिला अधिवक्ता संघ ने किया कार्यक्रम का आयोजन

स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि न्यायाधीपति संजय अग्रवाल एवं सम्मानित होने वाले अधिवक्ता दुबे का जीवन परिचय का वाचन किया गया। तदुपरान्त अतिथियों के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता को शाल श्रीफल, स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री दुबे के पुत्र अभिषेक दुबे तथा पुत्रवधू एवं उनके नाती 'भी उपस्थित थे जिन्होंनें ने भी दुबे का सम्मान किया। अधिवक्ताओं में कमलेश सिंह, गणेश गुजराल, रामनारायण राठौर व उनकी टीम ने भी श्री दुबे का सम्मान किया। उद्बोधन की कड़ी में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष केशरवानी के द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के गौरवमयी बार के सदस्यों का परिचय देते अपना स्वागत उद्बोधन दिया। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दुबे ने अपने उद्बोधन में अपने प्रति किये गये सम्मान के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए बार के पूर्वजों एवं अपने परिवार के पूर्वजों को याद किया। उन्होंने कहा कि मेरा विधि व्यवसाय में 50 पूर्व पूर्ण होना एक जीवन यात्रा है और मेरी जो भी




वरिष्ठ अधिवक्ता विजय दुबे का सम्मान करते न्यायाधिपति संजय अग्रवाल।

उपलब्धि है वह सब बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद एवं प्रेरणा का फल है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्तिसिंह राजपूत ने विजय दुबे के विधि के क्षेत्र में किये गए कार्यों की सराहना की तथा उनको मिलने वाले विभिन्न सम्मानों की चर्चा करते हुए कहा कि श्री दुबे के कार्यों एवं कृत्यों को शब्दों में बांध पाना संभव नहीं है। मुख्य आतिथि की आसंदी से बोलते हुए न्यायाधिपति जस्टिस संजय अग्रवाल ने श्री दुबे के विधि व्यवसाय में किये गये अमूल्य एवं अतुलनीय योगदान पर चर्चा करते हुए उनके विधि व्यवसाय में 50 वर्ष पूर्ण होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। न्यायाधिपति ने जूनियर अधिवक्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि विधि का व्यवसाय बहुत ही सम्माननीय पेशा है। निरंतर अध्ययन करते रहना और न्यायालय में अपने निर्धारित पोशाक में उपस्थित रहना अधिवक्ता का कर्तब्य है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का जिला अधिवक्ता संघ की ओर से श्रीफल एवं शाल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सचिव योगेश गोपाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान, गणेशराम पटेल, अनिल बारा, विजय अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती रविन्दर कौर जिला न्यायाधीयर, कुटुम्ब न्यायालय में पदस्थ प्रधान न्यायाधीश सुश्री संघरत्ना भतपहरी, राजेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्र प्रवीण मिश्रा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी इंद्रजीत राठौर, सांस्कृतिक एवं कीड़ा सचिव अनिल राठौर, शिवनारायण यादव, उषा शांडिल्य कार्यकारिणी सदस्य चेतन कोसले, लक्ष्मीप्रसाद प्रधान, मंजू रात्रे, कमल साण्डे तथा अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण रामनरेश उपाध्याय, संतोष गुप्ता चीफ डिफेंस लॉयर, ईश्वर तिवारी अनिल शराफ, छतराम यादव, राजकुमार बैसवार, एस.एल. थवाईत. बालकृष्ण मिश्रा, नरेन्द्र बंजारे, विशेष लोक अभियोजक धीरज शुक्ला, एल.पी. लहरे, गणेश गुजराल, अनूप मजूमदार, हेमन्त तिवारी, मुकेश पाण्डेय, संदीप बनाफर, नंदकुमार यादव, लिंगेश्वर तिवारी, राजेश पांडेय, साकेत केशरवानी, शकुंतला भारद्वाज, ईश्वर तिवारी, विजय राठौर, दुष्यंतसिंह, श्रीमती रविजा सिंह, लीलेश्वर रत्नाकर, एल. ए.डी.सी. में कार्यरत अधिवक्तागण तथा जिला न्यायालय में कार्यरत न्यायिक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा के दशहरा मैदान में महतारी सदन का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जैजैपुर विधानसभा के विधायक बालेश्वर साहू ने किया। इस मौके पर उन्होंने विशाल जनसमूह को संबोधित करे हुए कहा कि क्षेत्र में

- बिर्रा के दशहरा मैदान में विधायक ने किया महतारी सदन का भूमिपूजन

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

जैजैपुर कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल बुनियादी समस्या को पूरी करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने ने आगे कहा कि जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में महतारी सदन बनाने के लिए पहल करने वाले वे अकेला विधायक थे। सरकार ने महतारी सदन को बनाने के लिए उनकी पहल पर मुहर लगाया। जनपद पंचायत सदस्य रितेश रमणसिह सिंह से इस मामले में चर्चा किया और उनकी पहल से बिर्रा में महतारी सदन का आज इतनी बड़ी सौगात मिली है। जो आज सभी



महातारी सदन का भूमि पूजन करते विधायक बालेश्वर साहू।

के प्रयास से महतारी सदन का भूमिपूजन हो रहा है। इस भवन के बन जाने से महिला एक साथ सदन में बैठकर कार्यक्रम का सफल संचालन कर सकते हैं। महिलाओं के लिए महतारी सदन में रहकर स्वतंत्र ढंग से कार्य करने के लिए महतारी सदन की स्थापना की गई है। महतारी सदन भूमिपूजन में विशिष्ट अतिथि के रुप में गंगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष जांजगीर चांपा, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत सिंह राज उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू ने की। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम पं विकास पाण्डेय व भूपेंद्र पांडेय ने विधिविधान से मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों द्वारा भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सचिव रोहित पटेल ने किया। इस मौके पर मणीलाल कश्यप, अभिराम कश्यप, शत्रुघन निषाद, श्रवण कश्यप, कमला प्रसाद आदित्य, बलराम कश्यप, राधे केशवानी, छोटे लाल केंवट, बुद्धेश्वर देवांगन, उपसरपंच विमला गोपाल कश्यप, एसडीओ भास्कर राठौर, इंजीनियर समीर पांडेय, मनोज कुमार दुबे, ठेकेदार लोकेश कुमार भारद्वाज, प्रधान आरक्षक अनिल अजगले, आरक्षक जनकराम कश्यप, रितु लहरें प्रदीप साहू उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य के दौरान लिफ्ट मशीन से गिरकर मिस्त्री की मौत

**अकलतरा।** नगर के नागरिक आपूर्ति निगम एवं कृषि उपज मंडी स्थित परिसर में शासकीय निर्माण कार्य के दौरान शनिवार 15 नवंबर की शाम 7 बजे लिफ्ट मशीन से गिरकर झारखंड निवासी मिस्त्री की मौत हो गई। इस संबंध में यह जानकारी मिली कि रितेश प्रजापति पिता सुबोध प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम नेउरा, थाना चैनपुर, जिला पलामू ,झारखंड मिस्त्री का कार्य करता था। शनिवार की शाम 7 बजे नगर के नागरिक आपूर्ति निगम एवं कृषि उपज मंडी परिसर में शासकीय निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान रितेश प्रजापति लिफ्ट मशीन में काम कर रहा था। कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कमी के चलते वह लिफ्ट मशीन से गिर गया, इसके बाद लिफ्ट मशीन से दबाकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को अभी मर्चुरी में रखा गया है। 16 नवंबर को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप जाएगा। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।

### करनौद में डांस प्रतियोगिता एवं श्याम महोत्सवमेला का आयोजन आज

**करनौद।** ग्राम पंचायत करनौद के जलतारे मोहल्ले में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जय मां कांकलिन दाई युवा समिति के तत्वाधान में श्याम महोत्सव भव्य मेला एवं राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 16 नवंबर को रखा गया है। मेला में झुला, मीना बाजार,अन्य मेला लगेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोहन कुमारी साहू होंगे। इस स्पर्धा के सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 8001, तृतीय 6001, चतुर्थ 4001, पांचवां 3001, षष्ठम 2501, सप्तम 2001, और एकल एवं युगल नृत्य में प्रथम 5001, द्वितीय 3501, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001, रुपए प्रदान किया जाएगा।







